# संक्षिप्त

## कोच के लिए अजीम का चयन



**टोंक,**(निसं)। नेशनल क्रिकेट एकेडमी की ओर से बैंग्लुरू में होने वाले तीन दिवसीय हाइब्रिड लेवल-2 कोच कोर्स के लिए राजस्थान से तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इसमें रणजी खिलाडी व टोंक शहर निवासी अजीम अख्तर शामिल है। अजीम कोच कोर्स के लिए जाएगा। बंग्लुरू में यह कोर्स 15 से 18 अगस्त तक होगा। अजीम के चयन पर शहर के खिलाडियों में खुशी है। अजीम फिलहाल पोस्ट ऑफिस में कार्यरत है।

## गौ सवामणी का होगा आयोजन

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कुजोता स्थित श्री रघुनाथ गौशाला में बुधवार को गौ सवामणी कार्यक्रम का आयोजन होगा। अखिल भारतीय यादव महासभा के सम्भाग अध्यक्ष अनिल यादव ने बताया कि सामाजिक कार्यकर्ता गोविन्द कलावत के जन्मदिवस पर गौमाता को गुड़ व दलिया खिलाकर गौ सेवा की जायेगी। साथ ही पौधारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। इस दौरान पूर्व सरपंच अशोक घोघड़, एड. महेश यादव, पवन बन्ना कुजोता, दिलीप सिंह कुजोता, हिरालाल प्रजापति, उप सरपंच अशोक यादव, राजू भाई, हेमकरण सिंह, गौरव मलावत, राकेश मीणा, बंटु जोगी, मुकेश मोरदा, राकेश खेडकी आदि कार्यक्रम में शिरकत करेगें।

## पुलिसकर्मियों को बांधे रक्षा सूत्र

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती पनियाला थाने में मंगलवार को महिला सुरक्षा सखी स्वयंसेविकाओं द्वारा रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में पुलिसकर्मियों को रक्षा सूत्र बांधे गये। इस मौके पर स्वयंसेविकाओं ने एसएचओ हितेश शर्मा समेत स्टॉफ सदस्यों को तिलक कर व रक्षा सूत्र बांधकर मुंह मीठा करवाकर सम्मान किया। इस दौरान पूनम देवी, रेखा देवी, शकुंतला आर्य, सुनीता देवी, मंजू शर्मा, नीतू देवी, सामाजिक कार्यकर्ता रवि कुमार शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## ध्यान जी महाराज का विशाल भण्डारा आज

**कोटपूतली,**(निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम चतुर्भुज स्थित श्री श्री 1008 श्री ध्यान जी महाराज का विशाल भण्डारा बुधवार को आयोजित होगा। मंदिर महंत रामरतन दास महाराज ने जानकारी देते हुए बताया की कोरोना के कारण विगत वर्ष भण्डारे का आयोजन नहीं हो पाया था। लेकिन इस बार लोक कल्याणार्थ एवं गौ सेवार्थ बड़े ही धुमधाम से भंडारे का आयोजन होगा। इस दौरान लोक गायक कलाकार महावीर म्हासी एवं जयराम म्हासी द्वारा नेहडा कार्यक्रम भी आयोजित होगा।

## हल्की बारिश हुई, उमस बढ़ी

**निवाई,** (निसं)। मंगलवार को दिन में कई बार रूक-रूककर रिमझिम बारिश होती रही। हल्की बारिश होने से उमस बढ गई जिससे लोग पसीने से तर-बतर रहे। दो दिन के ठहराव के बाद अचानक मंगलवार को मौसम में बदलाव हुआ और काली घटाएं आकाश में छा गई। दोपहर में करीब 3 बजे तेज गर्जना के साथ बारिश होने लगी। कुछ देर बाद मौसम खुल गया और धूप निकली। थोडी देर बाद ही फिर मानसूनी बादल बरसने लग गए। बरसात का यह दौर देरशाम तक रूक-रूककर चलता रहा।

# टोंक में कांग्रेसियों ने निकाली आजादी गौरव यात्रा

**टोंक,** (निसं)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं पूर्व उप-मुख्यमंत्री टोंक विधायक सचिन पायलट के निर्देशानुसार टोंक विधानसभा क्षेत्र की आजादी गौरव यात्रा प्रदेश कांग्रेस सचिव जिला प्रभारी महेन्द्र सिंह खेड़ी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य एवं प्रदेश मदरसा बोर्ड सदस्य सऊद सईदी, नगर परिषद सभापति अली अहमद की अगुवाई में निकाली गई, जिसमें निवर्तमान जिलाध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी गाता भी उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों के अन्तर्गत यह यात्रा राधे-राधे गार्डन देवली रोड से

> ■ 'देश के स्वतंत्रता आन्दोलन में कांग्रेस की भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता'

शुरू होकर सवाई माधोपुर चौराहा, बडा कुंआ, जवाहर बाजार, काफला बाजार, पांच बत्ती, सुभाष बाजार, घण्टाघर, बमोर दरवाजा, छावनी सर्किल होते हुए कामधेनु सर्किल जयपुर रोड तक निकाली गई। यात्रा के दौरान रास्ते में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर, स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चन्द्र बोस, देश की पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी प्रतिमाओं पर



टोंक में कांग्रेसियों ने आजादी गौरव यात्रा निकाली।

माल्र्यापण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। यात्रा पूर्व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस सचिव जिला प्रभारी महेन्द्र खेडी ने देश की स्वतंत्रता के लिए शहीद होने वाले, शहीदों को नमन करते हुए आज हम देश की आजादी का 75वां वर्ष मना रहे है।

यात्रा पूर्व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए प्रदेश मदरसा बोर्ड सदस्य सऊद सईदी ने हमारे लिए बडी गर्व की बात है उन्होनें कहा कि देश के स्वतंत्रता आन्दोलन में कांग्रेस की भूमिका को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देष के विकास को नये आयाम कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में दिए गए, जो अपने आप में अतुल्य है। आजादी गौरव यात्रा में अली अहमद चेयरमैन ,टोंक नगर पारिषद ,पूर्व विधायक कमल बैरवा, दिनेश चौरासिया, सुनिल बंसल, हंसराज गाता, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अलका बैरवा, ब्लॉक अध्यक्ष अजीज कुरेशी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आतीफ नकवी, एन.एस.यू.आई. जिलाध्यक्ष राहुल चन्देल, जिला प्रवक्ता जर्रार खान, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष, पार्षद युसूफ इंजिनियर के अलावा बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## घर-घर तिरंगा योजना को लेकर बैठक

**मालपुरा,**(निस) पीएम मोदी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 13 से 15 अगस्त तक देश में घर-घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम घोषित किये जाने के बाद मंगलवार को चितोडगढ सांसद व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सीपी जोशी ने टोडारायसिंह क्षेत्र के बावडी में भाजपा देहात मंडल की बैठक ली।

सांसद ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार का जमकर निशाना साधते हुए राजस्थान में तुष्टिकरण को बढावा देने का खुला आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी दिनो मे देश मे जनआक्रोश रैली का आयोजन होगा। जिसके माध्यम से राजस्थान की कांग्रेस सरकार को उखाड फेंकने के लिए भाजपा कार्यकर्ता जुट जाये। सांसद ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने राजस्थान मे हिन्दु समाज के धार्मिक जूलूस व यात्राओं सहित सामाजिक कार्यक्रमो पर अनगिनत पाबंदियां एवं प्रतिबंध लगा दिये। जबकि पीएफआई व अन्य संगठनो सहित समुदाय विशेष के आयोजनो पर किसी प्रकार की कोई पाबंदियां नही है। मंदिर मे भागवत कथा के लिए कलश यात्रा निकालने जैसे आयोजनो के लिए भी अब हिन्दु समाज को प्रशासन से सशर्त स्वीकृति लेने की बाध्यत्ता लगाई गई है। ऐसी कांग्रेस सरकार को अब सत्ता मे रहने का कोई अधिकार नही है। गहलोत सरकार ने साम्प्रदायिक तनाव व महिला हत्याचार की घटनाए दिन-प्रतिदिन बढती जा रही है। गायों में फैल रहे लम्पी स्कीन जैसे रोग की रोकथाम के लिए भी स्वयं प्रयास करने के बजाय केन्द्र सरकार पर दोषारोपण कर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड रहे है।

## शोभायात्राओं के मार्ग पर समान नीति अपनाने की मांग

**चाकसू,**(निस)। भाजपाइयों सहित विभिन्न सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं एवं सर्व हिन्दू समाज के प्रतिनिधियों द्वारा धार्मिक शोभायात्राओं के मार्गो को लेकर प्रशासन के द्वारा समान नीति अपनाए जाने को लेकर विरोध प्रकट करते हुए कस्बा थाना अधिकारी यशवंत सिंह यादव को ज्ञापन सौंपा

ज्ञापन में बताया गया कि हिंदू संगठनों के विभिन्न धार्मिक जुलसों को सुरक्षा का हवाला देकर प्रशासन द्वारा कई बार मार्ग परिवर्तन हुआ है वहीं अल्पसंख्यक समुदाय के जुलूसों को उनके पूर्ववर्ती मार्गो से ही जाने की इजाजत दी गई है जिससे यहां के धर्म प्रेमी लोगों की भावनाएं आहत हुई है। जो पुलिस एवं प्रशासन द्वारा इस प्रकार की भेदभाव पूर्ण नीति अपनाकर दोनों समुदाय में क्रूरता एवं भेदभाव पैदा करने का प्रयास किया गया है जो गलत एवं बहुसंख्यक समुदाय द्वारा निंदनीय है। इस प्रकार की तुष्टीकरण की राजनीति के कारण क्षेत्र में निवास कर रहे दोनों समुदायों में भेदभाव करके धार्मिक भावनाओं को भड़काने का प्रयास ना करें यहां लोगों ने दोनों समुदायों में समान नीति अपनाई जाने की मांग की है जिस पर थानाधिकारी ने उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर सभी धार्मिक जुलूस को पारम्परिक मार्ग से निकालने के सम्बंध में सम्पूर्ण जानकारी दी है। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष केदार शर्मा भाजपा देहात अध्यक्ष भुणाराम गुर्जर भाजपा विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजावत पार्षद विनोद राजोरिया मोहित अग्रवाल सहित सभी हिन्दू संगठन, भाजपा, व्यापार मंडल, धार्मिक आयोजन समिति सदस्य, समाजिक प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

## चाकसू में गमी माहौल में निकले ताजिये

**चाकसू,** (निसं)। कस्बे में कोरोना संक्रमण काल के 2 साल बाद निकले ताजियों में लहराता तिरंगा देश प्रेम का संदेश देते दिखा। इमामबाडों से ताजिये निकलकर तहसील चौराहे पर पहुंचे। अकीदतमंदों ने गमी माहौल मातमी धुने बजायी, मसिया पढ़े उस्ताद के पठों ने इजाजत लेकर अखाड़े में कई हैरतअंगेज करतब दिखाए और या अली या हुसैन के गगनभेदी नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे।

मुख्य बाजार महिलाओं, बच्चों व लोगों से खचाखच भरा था बाजार में पकोड़ी , पापड़ व चाट की दुकान सजी नजर आयी वर्षा होने से मौसम सुहावना हो गया वहीं महिलाओं ने



चाकसू में निकाले गये ताजियों में हैरतअंगेज करतब दिखाए।

छोटे बच्चो को ताजियों के नीचे से निकाला खटीक चौराहे पर पुलिस प्रशासन , मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने ताजियेदार का पगड़ी पहनाकर इस्तकबाल किया । शाम को सभी ताजिये कर्बला में सुपुर्द खाक किये गए वही रात्री को दरगाह शाह जलाल पर भी ताजिया निकाला गया था शांतिपूर्ण ताजिये निकलने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## देश की आजादी में आदिवासी समाज का अहम योगदान: मुकेश गोयल

**कोटपूतली,** (निसं)। भाजपा कार्यालय पर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा की ओर से कार्यकर्ताओं ने विश्व आदिवासी दिवस मनाया। वरिष्ठ भाजपा नेता मथुरा प्रसाद मीणा एवं जिला पार्षद प्रतिनिधि अमीचन्द धानका ने द्वीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

कार्यकर्ताओं ने भगवान बिरसा मुण्डा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प किया। इस अवसर पर भाजपा नेता मुकेश गोयल ने कहा कि आदिवासियों की जल जंगल जमीन एवं पर्यावरण की रक्षा करने की परम्परा को अपनाने से ही विश्व की पर्यावरण व कोरोना महामारी जैसी अनेक समस्याओं का समाधान स्वत: ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि हम सबको आदिवासी समाज की ऐतिहासिक विरासत अनूठी संस्कृति, कला एवं परम्परा की रक्षा करनी

> ■ भाजपा कार्यालय में विश्व आदिवासी दिवस मनाया

चाहिए। गोयल ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अग्रेजो के विरूद्ध संघर्ष करने वाले आदिवासी समाज के योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता। गोयल ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लेने वाली आदिवासी वीरांगनाओं सिनगी दई, कइली दई, माकी, धीगी, नागे, लेंबू, रत्नी खड़िया, फूलो, झानो, जिउरी पहाड़िन, रूनिया और झुनिया आदि को नमन करते हुए देश की आजादी में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

भाजपा एसटी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष महेश निर्वाण, पूर्व नगर मण्डल महामंत्री कमलेश प्रजापत, कैलाश चन्द धानका, मण्डल महामंत्री मुकेश कसाना आदि ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किये।

भाजपा जिला महामंत्री सुरेन्द्र चौधरी, मण्डल अध्यक्ष सुभाष घोघड़, नरेश मेहरा, ओबीसी मोर्चा जिलामंत्री दुलीचन्द मान, किसान मोर्चा जिलामंत्री दिलीप यादव, एडवोकेट बजरंग लाल शर्मा, एसटी मोर्चा जिलाउपाध्यक्ष रविन्द्र मीणा, मुकेश मीणा, नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष प्रमोद गुरूजी, सरपंच मालाराम गुर्जर, भाजयुमो नगर मण्डल महामंत्री दयाराम कुमावत, न.पा.पार्षद जयराम रावत, धर्मेन्द्र गोयल, सुरेश सूद, अनिल सैनी, बिजेन्द्र सैनी, कमलेश प्रजापत, जयसिंह पायला, कैलाश धानका, पूरण धानका, हेमचन्द धानका, नीरज धानका, रतन सिंह धानका, धर्मपाल सिंह राठौड़, राहुल धानका, अमित धानका, शनि कुम्हार, कृष्ण कुमार धानका, सुरेन्द्र सिंह नृसिंहपुरा, जगदीश गुर्जर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजुद थे।

## किशनगढ़ बास में पानी भराव की समस्या से आमजन परेशान

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। शहर में जोहड़ खाई और पानी निकासी के नालों पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर प्रशासन की ओर से अतिकर्मियों के साथ की जाने वाली समझाइश वार्ता बैठक के हवा हवाई होने से नगर पालिका अधिकारी एक बार फिर से हंसी का पात्र बने हैं।

इससे पहले पूर्व में भी पालिका की ओर से की गई अतिकर्मियों को नोटिस की कार्रवाई महज एक मजाक बन चुकी है। सोमवार को बुलाई जाने वाली बैठक को लेकर 3 अगस्त को एसडीएम गंगाधर मीणा ने जिला कलेक्टर के आदेश पर नगर पालिका ईओ महेश गुर्जर व पीडब्ल्यूडी अभियंता के साथ गंज रोड पर मौका निरीक्षण कर सरकारी नालों पर हो रहे पक्के अतिक्रमण के चलते अवरुद्ध हो रहे नाले से सड़क पर बनी पानी भराव की गंभीर समस्या को देखते हुए निर्देश दिए थे।

मजेदार बात यह देखिए की 8 अगस्त सोमवार तक पालिका की ओर से चिन्हित अति कर्मियों को यह तक मालूम नहीं था कि बैठक कब और कहां होनी है। बैठक को लेकर लोग एक दूसरे से पूछ रहे थे कि बैठक कहा रखी गई है लेकिन किसी को कोई सूचना नहीं थी। बैठक को लेकर जब एसडीएम कार्यालय से जानकारी लेने पर मालूम हुआ की एसडीएम तो तिजारा सीएम की बैठक में गये हैं और बैठक निरस्त कर दी गई है।

गौरतलब बात यह है कि 3 से 8 अगस्त तक नगर पालिका ने अति कर्मियों को 8 अगस्त को होने वाली बैठक की सूचना दी है और ना ही बैठक निरस्त होने की। इससे साफ होता है कि नगर पालिका को आमजन को हो रही परेशानी की ना तो परवाह है और ना ही वह गंज रोड पर अवरुद्ध हो रहे हैं गंदे पानी निकासी के नालों को खुलवाने की। सोमवार को होने वाली बैठक को लेकर जब ईओ महेश गुर्जर से बात की तो उन्होंने जवाब में कहा एसडीएम साहब से बात करें वही बता पाएंगे। एसडीएम गंगाधर मीणा ने बताया कि सीएम साहब के तिजारा दौरे में ड्यूटी लगाए जाने के कारण बैठक नहीं हो सकी जल्दी ही बैठक बुलाई जाएगी।

# गांव के गरीब लोगों तक सरकार की योजना का लाभ पहुंचे: विधायक बैरवा

**निवाई,** (निसं)। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जाने वाली निवाई वनस्थली मोड से जोधपुरिया तक सडक का मंगलवार को विधायक प्रशांत बैरवा ने शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक प्रशांत बैरवा ने कहा कि भगवान देवनारायण किसी एक समाज के नहीं है। यहां दर्शनों के लिए सभी 36 कोम के लोग आते हैं।

उन्होंने कहा कि देव धाम जोधपुरिया के लिए कई वर्षो से सडक की चौडाई बढाने एवं नवीनीकरण की मांग की जा रही थी। मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा भी कई बार मांग की गई थी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलकर सडक निर्माण की मांग की। मुख्यमंत्री ने बजट 2022-23 में सडक के लिए 18 करोड रुपए स्वीकृत किए हैं। उन्होंने कहा कि जोधपुरिया में मांसी डैम के लिए भी 11 करोड रुपए स्वीकृत हो गए हैं। बांध का काम भी जल्दी ही शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि गांव





निवाई वनस्थली मोड से जोधपुरिया तक सड़क के शिलान्यास कार्यक्रम को विधायक प्रशांत बैरवा ने संबोधित किया।

जोधपुरिया से मनोहरपुरा तक की सडक भी स्वीकृत कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने पैनोरमा बनाने की भी मुख्यमंत्री ने स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि भगवान देवनारायण के लक्खी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मंदिर में पुलिस चौकी की स्थापना भी कर दी है। विधायक बैरवा ने कहा कि उनका उद्देश्य है की विधानसभा क्षेत्र के बच्चों को अच्छी व उच्च शिक्षा मिल सके इसके लिए राज्य सरकार ने कृषि महाविद्यालय एवं आईटीआई कॉलेज सहित 6 महाविद्यालय खुलवा दिए हैं। कार्यक्रम को देवनारायण मंदिर ट्रस्ट

> ■ 18 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का विधायक प्रशांत बैरवा ने शिलान्यास किया

के अध्यक्ष फूलचंद लांगडी, महामंत्री शिवप्रताप हरषाना, दीपेंद्र सिंह खंगारोत ,ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौधरी, शहर अध्यक्ष महावीर पराना, जिला परिषद सदस्य छोगालाल गुर्जर, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश गुर्जर, पार्षद पारस पहाडी ,पार्षद प्रदीप पारीक ने भी संबोधित किया। जोधपुरिया मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष सुरेश डोई ने विधायक प्रशांत बैरवा से जोधपुरिया में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने एवं मासी डैम में बोट चलाने की स्वीकृति दिलाने एवं जोधपुरिया को पर्यटन स्थल बनाने की मांग की। इस दौरान कार्यवाहक उपखण्ड अधिकारी रवि वर्मा ,पुलिस उप अधीक्षक रूद्रप्रकाश शर्मा, तहसीलदार प्रांजल कंवर ,अधीक्षण आरके सिंह, अधिशाषी अभियंता जल संसाधन विभाग अशोक जैन, सहायक अभियंता रविंद्र कुमार व रामगोपाल सेवलिया ,राजेश चौधरी गुरुजी , पप्पू मीणा, पीटीआई देवनारायण गुर्जर, सुरेन्द्र बेनीवाल, सीआर हनुमान मीणा, हंसराज मीणा, पुखराज गुर्जर, रामकरण गुर्जर सहित अनेक लोग मौजूद थे।

सडक विस्तार के लिए 18 करोड की स्वीकृति - पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता वेद प्रकाश उपाध्याय ने बताया कि बनस्थली मोड से जोधपुरिया तक सडक का निर्माण मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अंतर्गत करवाया जा रहा है। इसमें अट्ठारह करोड रुपए स्वीकृत हुए हैं। इसका टेंडर होकर कार्य चालू कर दिया गया है।

## दो गुटों की रंजिश, दो जने गिरफ्तार

**बहरोड़/नीमराना,** (निसं)। बहरोड़ कस्बे के नेशनल हाईवे नंबर 48 पर स्थित अशोका होटल में 27 जुलाई को आपत्तिजनक अवैध गतिविधि हेतु कमरा किराया लेकर होटल में ठहरे मोबाइल टावर इंजीनियर गंडाला निवासी धर्मवीर यादव के साथ आपसी रंजिश के चलते अशोका होटल पर तोड़फोड़ एवं फायरिंग करते हुए धर्मवीर को गाड़ी में पटक कर ले जाने वाले आरोपियों को बहरोड़ पुलिस ने गिरफ्तार किया।

गौरतलब है कि धर्मवीर टावर इंजीनियर अनैतिक गतिविधियों का शिकार है जिससे दोनों टावर इंजीनियरों में डीजल के मामले में भ्रष्टाचार करने में कंपनी के अधिकारियों को शिकायत करने से दोनों की आपसी रंजिश के चलते उक्त घटना घटित हुई। बहरोड़ पुलिस ने उक्त मामले में शाहजहांपुर के गजेंद्र यादव व जाट बहरोड़ के दीपेश जाट को हरियाणा से किया गिरफ्तार। बहरोड़ पुलिस की कार्यवाही टीम में थानाधिकारी वीरेंद्रपाल, एएसआई सुरताराम, कांस्टेबल धर्मवीर तथा मनोज की अहम भूमिका रही।

# सार-समाचार

## बाबा भास्करानंद महाराज का भंडारा



**बहरोड़/ नीमराना,** (निसं)। नेशनल हाईवे नंबर 48 पर स्थित बहरोड़ कस्बे के प्रसिद्ध मन्दिर बाबा भास्करानंद महाराज आश्रम पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य एडवोकेट बस्तीराम यादव, बहरोड़ प्रधान सरोज बस्तीराम यादव तथा कांग्रेस पार्टी समर्थित हितेंद्र यादव एडवोकेट, एडवोकेट राजाराम यादव, भामाशाह उद्योगपति भवानी यादव, महिपाल यादव, सुरेंद्र यादव सियाराम शोरूम बहरोड़ सहित कस्बे के अन्य गणमान्य लोगों ने भी पहुंचकर बाबा भास्करानंद महाराज के श्री चरणों में धोक लगाई। बहरोड़ वासियों की अटूट श्रद्धा के प्रतीक बाबा भास्करानंद महाराज मंदिर के विशाल भंडारे में बहरोड़ कस्बे के सभी लोगों सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की भी अटूट श्रद्धा देखने को मिली। बाबा भास्करानंद महाराज के भंडारे के आयोजन में कमेटी के सदस्यों द्वारा व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने हेतु अलग-अलग व्यवस्थाओं को देखने हेतु टीमों का गठन किया गया था।

## शिवालयों में सहस्त्रघट की रही धूम

**निवाई,** (निसं)।शहर में मंगलवार को शिव प्रदोष के पावन अवसर पर शहर के शिवालयों में सहस्त्रघट की धूम रही। शहर के श्री गौरीशंकर महादेव मंदिर, मायला कुण्ड स्थित शिवालय व जमात स्थित इमली वाले बालाजी मंदिर में स्थित शिवालय सहित शहर शिवालयों में श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का सहस्त्रघटों से अभिषेक किया। सावण मास में भोम प्रदोष का विशेष महत्व होने के कारण शिवालयों में दिनभर दर्शनों के लिए शिव भक्तों की भीड लगी रही। रक्तांचल पर्वत की तलहटी में स्थित श्री गौरीशंकर महादेव मंदिर में चल रहे पूरे सावण मास के सहस्त्रघट के दौरान मंगलवार को श्रद्धालुओं, यजमानों व मंदिर समिति ने भगवान शिव का विधि विधान से पूजन किया। इसके बाद दूध, दही, घी, शहद, भांग, पंचामृत, इक्षुरस, बील रस व जल से अभिषेक किया। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा ओम नम: शिवाय के जाप से पूरा मंदिर परिसर में गूंज उठा। सहस्त्रघट के दौरान इन्द्र देव भी मेहरबान रहे और रिमझिम बारिश होती रही। शाम को भगवान का फूलों से श्रृंगार किया गया। इसके बाद आरती कर प्रसादी का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसादी जिमाई गई। इस दौरान सुभाष ईटावा, पवन, ओमप्रकाश विजय, सुरेन्द्र दाधीच नला, कालू माली, चिरंजीलाल सैन, हनुमानप्रसाद सीदडा, जगमोहन गौतम, मुकेश राणोली सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## 20 ग्राम स्मैक ले जाते एक गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। पुलिस थाना कोतवाली टोंक एवं जिला डीएसटी टीम द्वारा बड़ी कार्यवाही हुए अवैध मादक पदार्थ 20 ग्राम स्मैक ले जाते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर आरोपी को एन.डी.पीएस के तहत गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी द्वारा मादक पदार्थ का सेवन व तस्करी करना वालो के विरूद्ध चालाये गये अभियान के तहत पुलिस ने गश्त के दौरान जनाना अस्पताल के पास नौशाद पुत्र हबीब रर्हमान जाति मनिहारी मुसलमान निवासी 16ए/4884 घोडा निकास रोड शिकारीयों का मौहल्ला रामगंज, जयपुर पुलिस थाना रामगंज जयपुर को अवैध मादक पदार्थ स्मैक 20 ग्राम कब्जे मे रखे हुए को पकडा गया और उसके कब्जे से 20 ग्राम स्मेक,एक मोबाईल रियलमी कम्पनी का रंग काला तथा 280 रुपये जप्त कर पुलिस कार्यवाही शुरु की।

## विश्व आदिवासी दिवस पर लगाए पौधे

**चाकसू,** (निस)विश्व आदिवासी दिवस पर मंगलवार को अनेक संस्थाओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए आदिवासी मीना कर्मचारी संघ ब्लॉक चाकसू के सौजन्य से विश्व आदिवासी दिवस के पर्व को हर्षोल्लास एवं कई सामाजिक गतिविधियां के साथ मनाया। डॉ.ऋतुराज मीणा प्रमुख चिकित्सा अधिकारी प्रभारी ने बताया की ब्लॉक के सभी पदाधिकारी सदस्य एवं समाज के अन्य लोगों के साथ मीणा आदिवासी संगठन शीतला माता आश्रम पर एक दूसरे को बधाई दी आदिवासी महानायकों की फोटो पर मालार्पण सहित सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण कर संरक्षण का संकल्प लेकर समाज के कल्याण के प्रति जागरूकता दिखाई श्रीराम वृद्धाश्रम , बालिका छात्रावास एवम् उप जिला चिकित्सालय में फल वितरित कर विश्व आदिवासी दिवस मनाया।

## देवधाम पदयात्रा को लेकर चर्चा

**नारायणपुर,** (निसं)। कस्बे में देवनारायण सेवा समिति के तत्वाधान में तुर्कियावास वाले पीर बाबा मंदिर में मंगलवार को महंत श्योरामदास महाराज के सानिध्य में 25 अगस्त को नारायणपुर से देवधाम जोधपुरिया जाने वाली ध्वज पदयात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई । बैठक में सेवा समिति द्वारा पदयात्रा की रुपरेखा तैयार की गई । इस दौरान अध्यक्ष हीरालाल धाबाई द्वारा कार्यकर्ताओं को ध्वज पदयात्रा के दौरान व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी दी गई । इस अवसर शीशराम रावत, मुरारी लाल, छुट्टन फागणा, कैलाश चेची, मुरली गोवल्या, गिर्राज मेहर, विक्रम अवाना सहित बड़ी संख्या में गुर्जर समाज के लोग मौजूद थे ।

## गौशाला में करवाया दवाई का छिड़काव

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कालुहेड़ा स्थित श्री देवनारायण गौशाला में सामाजिक कार्यकर्ता रतन लाल शर्मा के नेतृत्व में गौमाता को लम्पी बीमारी से बचाव हेतु गौशाला में दवाई का छिडकाव करवाया गया। इस दौरान शर्मा ने कहा कि गायों में पिछले कुछ दिनों से लम्पी बीमारी फैल रही है। अत: हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने आसपास गौवंशो के बचाव के लिए कार्य करें। ताकि हमारी संस्कृति का प्रतीक हमारी गौमाता को बचाया जा सके। राजेन्द्र प्रसाद हिन्दू ने कहा कि हमारा पहला धर्म गौमाता की रक्षा करना है। ट्रेक्टर चालक जगमाल गोनेड़ा ने अपनी नि:शुल्क सेवा दी। इस दौरान हनुमान प्रसाद, गोपाल मंगल, सवाई सिंह पंच, शीशराम, जगदीश, छितर मुक्कड, दाताराम, गिर्राज, जगमाल, कृष्ण, दयाराम, प्रकाश, सुरेश समेत अन्य मौजूद रहे।

## शिव रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित

**बहरोड़/ शाहजहांपुर।** अलवर जिले के शाहजहांपुर कस्बे के निकटवर्ती गांव जौनायचा कलां के प्राचीन वैद्य काशीराम शिव मन्दिर पर मंगलवार को शिव महासंघ के तत्वावधान में एक दिवसीय विशाल शिव रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम पण्डित भूपेन्द्र शर्मा के सानिध्य में आयोजित हुआ। शिव मंदिर पर आयोजित शिव रुद्राभिषेक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय शर्मा ऑरियण्टल ग्रुप के चेयरमैन रहे। आयोजन के तहत जिंदोली भगवत धर्म संस्कृत वेद विद्यालय के ग्यारह पंडितों में पण्डित महावीर प्रसाद एवं सोमदत्त शर्मा के नेतृत्व में शिवाष्टक के मंत्रो सहित रुद्राष्टाध्यायी के मंत्रों द्वारा शिव पिण्डी पर पंचामृत अभिषेक किया गया। आयोजन के तहत श्रद्धालुओं के लिए खीर प्रसादी का वितरण किया गया।

## मातमी धुनों के साथ निकाले ताजिया

**बौंली।** नगर पालिका व उपखंड मुख्यालय बौंली नगर में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हजरत इमाम हुसैन की याद में मातमी धुनों के साथ ताजिया मोहर्रम निकाले। काफी वर्षो से चली आ रही बौंली नगर की परंपरा के अनुसार मोहर्रम ताजिया निकाले गए। इस दौरान यह सात दिवसीय मातमी कार्यक्रम रहा। जिसमें 5 दिन तक रात्रि को मातमी धुनों को बजाकर हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद किया गया। एवं सोमवार को रात्रि को व मंगलवार दिन में मातमी धुनों के साथ ताजिया मोहर्रम का जुलूस इमामबाड़े से होता हुआ सदर बाजार मुख्य बस स्टैंड होता हुआ करबला पहुंचा। जहां पर दफनाने की रस्म पूरी की गई। ताजिया के साथ अखाड़ेबाज युवाओं ने मातमी धुनों पर करतब भी दिखाए पुलिस व प्रशासन भी व्यवस्था में मुस्तैद रहा।

## एसडीएम ने ली अधिकारी व्यापारियों की बैठक

**किशनगढ़ बास।** एसडीएम गंगाधर मीणा ने उपखंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपखंड कार्यालय में अधिकारी एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर स्वतंत्रता दिवस अमृत महोत्सव एवं सरकार की ओर से संचालित मतदाता कार्ड को आधार कार्ड से लिंक कराए जाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। बैठक में नायब तहसीलदार खैरथल किशनगढ़ बास विकास अधिकारी नगर पालिका खैरथल किशनगढ़ बास ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी महिला बाल विकास अधिकारी विद्युत पीएचडी शिक्षा विभाग सहित व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि एवं व्यापार महासंघ के अध्यक्ष परमानंद लखयाणी आदि मौजूद रहे।